**खिलाड़ियों को तराशने प्रशिक्षकों की भूमिका अहमः कलेक्टर**



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## कौशल्या साय ने किया शिवलिंग का जलाभिषेक

# सावन के तीसरे सोमवार को जलाभिषेक करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

सावन के पावन तीसरे सोमवार को जिले के बगिया में आस्था और भक्ति से ओतप्रोत विशाल कांवड़ यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा काशी विश्वनाथ मंदिर तीतरमारा संगम नदी तट से शुरू होकर लगभग 7 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए फलेश्वर नाथ महादेव मंदिर, बगिया तक पहुंची।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ हजारों शिव भक्तों ने लिया हिस्सा

इस पुण्य यात्रा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय स्वयं कांवड़ यात्रा में शामिल हुईं और श्रद्धालुओं के साथ कदम से कदम मिलाकर 7 किलोमीटर की पदयात्रा पूरी कर भगवान शिव का विधि-विधान से जलाभिषेक किया। उनके साथ चल रहे श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। यात्रा में ओडिशा के प्रसिद्ध दुलदूली बाजा की धुनों पर शिव भक्त झूमते और नृत्य करते नजर आए।

कांवड़ यात्रा का पूरा मार्ग बोलबम एवं हरहर महादेव के जयघोष से वातावरण शिवमय हो गया।कांवड़ियों के पहुंचने पर बगिया स्थित फलेश्वर महादेव मंदिर में भव्य जलाभिषेक ⏭ शेष पेज 4 पर



फलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में जलाभिषेक करतीं कौशल्या साय।



जलाभिषेक करने कांवड़ यात्रियों की लगी लंबी कतार।

## खबर संक्षेप

### खर्रा नाला में बनेगा उच्चस्तरीय पुल



**जशपुरनगर।** जिले के विकास को नई गति देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक महत्वपूर्ण परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल इस योजना के तहत जिले के बगीचा तहसील क्षेत्र के घुघरी से ढोढरअम्बा मार्ग पर स्थित खर्रा नाला पर 6 करोड़ 26 लाख 4 हजार रुपए की लागत से उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण किया जाएगा। यह पुल निर्माण न केवल क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए अत्यंत आवश्यक था, बल्कि ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग भी थी।

### तमता में लैब जांच संबंधी नहीं होगी परेशानी

**जशपुरनगर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार तमता पीएचसी में कार्यरत एमएलटी उजल राम नाग का निधन हो जाने के कारण नियमित पद रिक्त था, जिसे वैकल्पिक व्यवस्था के तहत चिरायु कार्यक्रम के एमएलटी ओमप्रकाश ध्रुव को पीएचसी तमता में कार्य करने हेतु संलग्न किया गया था, किन्तु 16 जून से स्कूल प्रारम्भ होने पर उन्हे चिरायु टीम में कार्य करने के लिए कार्यमुक्त किया गया, जिस कारण पीएचसी तमता रिक्त है। अब कुमारी प्रियंका गुप्ता (एमएलटी) जीवन दीप समिति से कार्य संपादन करेगी। पीएचसी तमता में लैब जांच संबंधी कोई परेशानी नहीं होगी।

### जिले में अब तक 6999.6 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 6999.6 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 28 जुलाई तक की स्थिति में 4835.5 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 68.8 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 755.9 मिमी, मनोरा में 891.4 मिमी, कुनकुरी में 998.1 मिमी, दुलदुला में 422.8 मिमी, फरसाबहार में 585.1 मिमी, बगीचा में 720.9 मिमी, कांसाबेल में 684.6 मिमी, पत्थलगांव में 598.8 मिमी, सन्ना में 822.1 मिमी एवं बागबहार में 519.9 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### जनमन पत्रिका का किया गया वितरण



**जशपुरनगर।** राजा विजय भूषण देव कन्या महाविद्यालय के छात्राओं को जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं से संबंधित पत्रिका जनमन, सहित अन्य प्रचार सामग्री का वितरण किया गया।कन्या महाविद्यालय की छात्रा अल्पना भगत, मंगला बेक, विनीता यादव, लक्ष्मी तिर्की एवं ओजकुमारी नाग ने कहा कि पत्रिका का अध्ययन सभी छात्रों के लिए लाभप्रद है। पत्रिका में ग्रामीणों, किसानों, सहित युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए शासन द्वारा संचालित अनेक योजनाएं की जानकारी शामिल है। छात्रों ने कहा कि पत्रिकाओं के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवश्यक समसामयिक घटनाओं एवं सामान्य ज्ञान की जानकारी भी मिलती है।

# सतीघाट धाम शिव मंदिर में लगा भक्तों का तांता

■ भक्तों ने डोंगाडरहा शिव मंदिर से तक 8 किलोमीटर जलाभिषेक करने निकाली पद यात्रा

**कोतबा।** सावन माह के तीसरे सोमवार को शिव मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। तीसरे श्रावण सोमवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करने पहुचे सुबह से ही भक्तगण फूल, दूध, बेलपत्र आदि लेकर मंदिर पहुंचने लगे थे। जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्ग व युवा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुये।

सावन मास में यह मंदिर को विशेष साज सज्जा से सजाया गया है। सतिघाट शिवधाम में भगवान शिव का दूध, जल आदि से अभिषेक किया गया। इस दौरान ओम नमः शिवाय के जयकारे से शिवालय गूंजते रहे। भक्तों ने भोले बाबा के दर्शन का लाभ लिया। मंदिर के पुजारी पंडित धीरज शर्मा ने बताया कि सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व है। भगवान शिव की पूजा करने से सभी प्रकार की मनोकामना पूरी होती है। भगवान शिव का जल, दूध, नैवेद्य से अभिषेक करना चाहिए। भगवान शिव को विषैले पुष्प प्रिय हैं, इसलिए धतुरा, मदार व बेल पत्र आदि भगवान शिव को अर्पण कराना चाहिए। ऐसी मान्यता है कि सावन के महीने में भगवान शिव माता पार्वती के साथ पृथ्वी पर आकर मंदिरों में वास करते हैं, जिसके कारण सावन की शिव पूजा का विशेष महत्व होता है।



जलाभिषेक करने शिवमंदिर पहुंचे श्रद्धालु।



जलाभिषेक करने पदयात्रा करते भक्तजन।

### क्षेत्र के श्रद्धालु हो रहे शामिल

महिलाओं ने कोतबा स्थित सतिघाट धाम में विराजे भगवान भोले नाथ का जलाभिषेक करते हुये पूजा अर्चना कर वे अपने गांवो में स्थापित मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिये जल उठाकर 8 से 10 किलोमीटर पैदल गये दार्शनिक रूप में विकशित हो रहे सतिघाट धाम में दिनों दिन भक्तों के आवाजाही में भारी इजाफा हो रहा है यहां कल कल करके बहती भैवनी नदी और हनुमान जी के 31 फिट के बने मूर्ति सहित पौराणिक काल के अदभुत पत्थरों पर बने पहचान से लोग और अधिक आकर्षित हो रहे है लोगो सहित यहां के बुजुर्गों का मानना है कि इसी राह से भगवान राम और सीता का गमन हुआ था उनके द्वारा रखे केला आम जो पत्थरों पर निशान दिख रहे है वह वास्तविकता है लोगो का मानना है कि पत्थरों पर बने निशान में हिरण का वध भी किया गया है जिसके रक्त के निशान आज भी उस काल को उन्हें याद दिलाते है,यह मान्यता आदिकाल से चलते आ रहे है जिसकी वे अनुकरण करते है यह जगह में बिशेष रूप से सनातन धर्म से जुड़े लोगों ने जीवंत रखा है यहां प्रतिदिन विशेष पूजा पाठ और रात्रि आरती का आयोजन किया जाता है।

### आज होगा सहस्त्रार्चन

सतिघाट मंदिर के पुजारी धीरज शर्मा शास्त्री ने बताया कि 29 जुलाई दिन मंगलवार को भोलेनाथ जी का सहस्त्रअर्चन दिन में समयः-12:30 से 2:30 बीजे किया जाना है जिजमे जो बी भक्त सम्मिलित होना चाहते है। जिस वस्तु से अर्चन करना हो 1008 कि संख्या में ले आए जैसे लौंग, इलायची, पुष्प, बेलपत्र, शमी पत्र, इलायची दाना, किसमिस, काजू, हरसिंगार पुष्प, शमीपत्र, इत्यादि,, कोई भी सामग्री से अर्चन कर सकते हैं।भक्तगण अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित हो कर पूण्य के भागी बन सकते है।

# अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ चार मोटर साइकिल बरामद, छह आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने चोरी की चार मोटर साइकिलों को बरामद करते हुए दो नाबालिगों सहित कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो बाइक चोर और चार चोरी की बाइक खरीदने वाले शामिल हैं।मामला चौकी पंडरापाठ क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार राकेश कविराज, निवासी महावीरपुर, थाना जयनगर (जिला सूरजपुर) ने चौकी पंडरापाठ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 1 अगस्त 2024 को कांवड़ यात्रा में शामिल होने ग्राम गायबुड़ा आया था। उसने अपनी हीरो एचएफ डीलक्स बाइक (सीजी-15डीएन-8405) पार्किंग में खड़ी की थी, लेकिन अगले दिन सुबह बाइक वहां से गायब मिली। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम केरापाठ के दो संदेहियों हीरालाल रवि (21) और एक 17 वर्षीय नाबालिग को हिरासत में लिया। प्रारंभ में गुमराह करने की कोशिश के बाद दोनों ने चोरी की बात स्वीकार कर ली।



पकड़े गए बाइक चोरी के आरोपी।

### कड़ी पूछताछ में टूटा गिरोह

पूछताछ में पुलिस ने मनोवैज्ञानिक दबाव और तकनीकी निगरानी का इस्तेमाल करते हुए चोरी की पूरी श्रृंखला उजागर की। बरामद बाइक मालिकों की पहचान की जा रही है और आगे की जांच जारी है।

### इनकी रही भूमिका

इस पूरी कार्रवाई में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सतीश सोनवानी, सहायक उपनिरीक्षक राजकुमार पैंकरा, प्रधान आरक्षक राजेश कुजूर, आरक्षक राजेश्वर भगत, रमेश गृही और साइबर सेल जशपुर की विशेष भूमिका रही।

### कहां से और कितनी बाइकों की हुई थी चोरी

पुलिस पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने गायबुड़ा के अलावा, गिरजापुर (जिला बलरामपुर), उमको और थाना सन्ना क्षेत्र के साप्ताहिक बाजार से भी बाइक चोरी की थीं। चोरी की बाइकें उन्होंने विजय रवि 39 को 5,000 में, धनसाय रवि 45 को 7,000 में, मनोज कुमार रवि 20 को 14,000 में, एक 17 वर्षीय नाबालिग 8,000 में बाईक बेची थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों की निशानदेही पर चार चोरी की मोटर साइकिल बरामद कीं। साथ ही, चोरी की बाइक खरीदने वाले चारों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने हीरालाल रवि (21) निवासी केरापाठ, थाना बगीचा,2. विजय रवि (39) निवासी नवापारा, थाना राजपुर, बलरामपुर, धनसाय रवि (45) निवासी छिछली (र), थाना बगीचा, मनोज कुमार रवि (20) निवासी बिलासपुर, थाना बतौली, सरगुजा, को गिरफ्तार किया है। वहीं दो नाबालिग जिन्हें बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है।

# बाबा भगवान राम ट्रस्ट एवं सर्वेश्वरी समूह महिला संगठन ने बांटी पाठ्य सामग्री



पाठ्य सामग्री पाकर बच्चे हुए खुश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भगवान राम ट्रस्ट समूह, जशपुर एवं श्री सर्वेश्वरी समूह महिला संगठन जशपुर ने समूह आश्रम के प्रांगण में स्कूल बच्चों के बीच स्कूल बैग और ड्रेस-किताब आदि का वितरण किया।

कार्यक्रम समूह आश्रम के कक्ष पीठ प्रांगण में आयोजित किया गया था जिसमें लगभग 38 स्कूल बच्चों को उक्त सामग्री वितरित की गई। सर्वप्रथम श्री सर्वेश्वरी समूह के अध्यक्ष डॉ. शिव पूजन सिंह के द्वारा स्कूल बैग वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात ट्रस्ट के अध्यक्ष गुरुपद संभव राम बाबा जी द्वारा कुछ बच्चों को स्कूल बैग व अन्य सामग्री प्रदान की गई। तत्पश्चात ट्रस्ट के सदस्यगण एवं महिला संगठन के सदस्यगणों द्वारा सामग्री वितरण का कार्य संपन्न किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ने की सीख दी गई।

## जिले में करैत, अहिराज, कोबरा, नाग सहित सांप की 29 प्रजातियां

# छत्तीसगढ़ का 'नागलोक' जशपुर जहां पाई जाती हैं सांपों की दुर्लभ प्रजातियां

एन.नवीन ओझा ⏭ जशपुरनगर

**नाग पंचमी विशेष**

आज नाग पंचमीं है,इस दिन छत्तीसगढ़ के साथ साथ पूरे देश में नागों की पूजा की जाती है। प्रदेश के अलग अलग इलाकों में नाग पंचमीं का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। इसी कड़ी में हरिभूमि आपको आज एक ऐसे अंचल के बारे में बताने जा रहे हैं जिसे नागलोक कहा जाता है।

### आइए जानते हैं ऐसा क्यों

दरअसल, जशपुर जिले में सांप की 29 प्रजातियां पाई जाती हैं। यह इलाका सांपों के लिए अनुकूल है। यहां वाईट लिपट पीट वाइपर जैसे जहरीले सांप पाए जाते हैं। इस विशेष प्रजाति के सांप में ⏭ शेष पेज 4 पर





**कैसर हुसैन और टीम ने की सांपों की पहचानः** कैसर हुसैन ने बताया कि, उन्हें बचपन से ही सांप आकर्षित करते रहे हैं। 6 वीं कक्षा में पढ़ने के दौरान उन्होनें घर में घुसे हुए एक सांप को मरते हुए देखा था। इस घटना ने उन्हें सर्प रेस्क्यू के लिए प्रेरित किया। तब से वे अपने आसपास के घरों में घुस आने वाले सांपों को पकड़ कर, जंगल में छोड़ने का काम कर रहे हैं। कैसर हुसैन ने 2009 से सांप रेस्क्यू का काम शुरू किया। आगे चल कर उनके इस अभियान से राहुल तिवारी सहित अन्य साथी जुड़े। युवाओं की इस टीम ने 5 हजार से अधिक सांपों का रेस्क्यू किया है। रेस्क्यू के दौरान ही कैसर हुसैन और उनके साथियों ने मिलकर जिले में पाए जाने वाली सांपों की प्रजातियों की पहचान की है।

### सांपों के लिए अनुकूल जलवायु वाला क्षेत्र

डीएफओ शशि कुमार ने बताया कि, जिले में वन्य जीवों की अंतिम गणना वर्ष 2022 में की गई थी। इस गणना में शाकाहारी और मांसाहारी जीवों को शामिल किया गया था, लेकिन इनमें सांप शामिल नहीं था। सांपों को जशपुर जिले का मौसम बहुत भा रहा है। यही कारण है कि जिले में सर्प प्रभावित क्षेत्र का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। जशपुर प्रदेश का एकमात्र ऐसा जिला है जहां शीतल, गर्म और आर्द्र तीनों प्रकार का जलवायु पाया जाता है। यहां चट्टान युक्त पहाड़ और खोखले पेड़ की संख्या भी अधिक है। भूरभूरी मिट्टी में चूहा और दीमक भी अधिक संख्या में पाए जाते हैं और ये सांप का पसंदीदा भोजन होते हैं। भोजन और रहवास की अनुकुलता, जशपुर को सांप का पसंदीदा स्थान बना रहे हैं।

### प्राकृतिक फूड चेन के टूटने से बढ़ी सांपों की संख्या

जशपुर में सांपों की संख्या बढ़ने का एक कारण, प्राकृतिक फूड चेन का टूटना भी है। इस सिस्टम से प्रकृति सभी जीव-जंतुओं की संख्या को संतुलित रखती है। लेकिन बीते कुछ सालों में सांपों का भक्षण करने वाले बाज, चील, गिद्ध के साथ नेवलों की संख्या भी कम हुई है। जिससे स्वाभाविक रूप से सांपों की संख्या में वृद्धि हो रही है।

# सोसायटी में सप्ताह भर से नहीं मिल रहा खाद



खाद के लिए कोतबा सोसायटी पहुंचे किसान।

**कोतबा।** धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ के जिले में सबसे अधिक धान उत्पादन करने वाले अन्नदाता किसानों को खाद के लिए बीते एक हप्ते से सोसायटी के चक्कर लगाने पड़ रहे है।

आदिम जाति सेवा ससहकारी समिति मर्यादित कोतबा में बीते एक हप्ते से किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है। खाद के लिए किसानों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। कभी मशीन नही ⏭ शेष पेज 4 पर

### जल्द खाद वितरण कराया जाएगा

इपोस मशीन हप्ते भर से नहीं थी, कल शाम को नई मशीन ला कर टेस्ट कर चालू किया गया था। आज सर्वर की दिक्कत जा रही है। किसानों का परमिट नहीं कट पा रहा है। किसानों की परेशानी समझ रहे हैं। जल्द समाधान कर किसानों को खाद वितरण कराया जाएगा।

**-गोविंद यादव**, प्रबंधक
आ.जा.से.स.समिति कोतबा

## खबर संक्षेप



### करंट से दम्पती की मौत के बाद परिजन से मिले विधायक

**अंबिकापुर।** करंट की चपेट में आकर दम्पति की मौत के बाद विधायक ने मृतक के परिजन से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने शासन की योजना के तहत मुआवजा प्रदान कराने हेतु पहल की। बता दें कि 22 जुलाई को गांधीनगर थाना अंतर्गत ग्राम मुडेसा अवराडुगु निवासी 56 वर्षीय करीमन आ. जागर साय पत्नी 52 वर्षीय दिलकुंवर गोंड खेत में पानी पटाने के लिए मोटर पंप को तार से जोड़ते समय करेंट की चपेट में आ गए थे। इस दुर्घटना में दम्पति की मौके पर मौत हो गई थी। इस घटना में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। वहीं इस घटना के बाद विधायक राजेश अग्रवाल ग्राम मुड़ेसा पहुंचे जहां उन्होंने मृतक के परिजन से मुलाकात कि। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की व शासन से मिलने वाले मुआवजे की प्रक्रिया की जानकारी दी एवं स्वयं की ओर से भी परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की। वहीं उन्होंने परिवार को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

### एनएसयूआई ने कृषि महाविद्यालय के छात्रों से की मुलाकात



**अंबिकापुर।** एनएसयूआई ने कृषि महाविद्यालय और छात्रावास में व्याप्त समस्याओं को लेकर छात्रों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने छात्रों ने पढ़ाई के दौरान आने वाली समस्याओं से अवगत कराया। बता दें कि एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु जायसवाल के नेतृत्व में कृषि महाविद्यालय एवं छात्रावास में रह रहे छात्रों के विभिन्न समस्याओं एवं मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय के साथ साथ उनके छात्रावास में प्रबंधन को लेकर बात की। बैठक के बाद आंदोलन के माध्यम से सभी मांगों को पूरा करवाने के लिए कार्ययोजना बनाई गई। छात्र हित के लिए एक समिति बनाए जाने का निर्णय लिया गया। समिति महाविद्यालय प्रशासन से चर्चा कर आने वाले समय में कृषि महाविद्यालय के छात्रों को शासन की योजना का लाभ दिलाने के साथ अन्य विषयों पर पहल करेगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष आशीष जायसवाल, विश्वविद्यालय अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता, गौतम गुप्ता, वैभव पांडे एवं कृषि महाविद्यालय से महेंद्र सिंह, आदित्य यादव एवं अन्य उपस्थित रहें।

### राजस्व पटवारी संघ की बैठक में हुई मांगों पर चर्चा

**अम्बिकापुर।** राजस्व पटवारी संघ की बैठक में विभागीय कार्यो से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई एवं सर्वसम्मति से एग्री स्टेक गिरदावली में सर्वेयर की नियुक्ति तहसीलदार स्तर पर करने, कर्मचारियों का सर्विस बुक संधारण एवं सत्यापन हर वर्ष कराने, पात्र पटवारियों को समय सीमा में समयमान वेतनमान स्वीकृत करने, पटवारियों की पदक्रम सूची हर वर्ष प्रकाशित करने, भू राजस्व संहिता एवं नियमावली पर कार्यशालाएं आयोजित करने एवं भूमि विक्रय के लिए नकल नहीं जारी करने डीएस टोकन के लिए प्रतिवर्ष मानदेय भुगतान करने अथवा शासन द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराने की मांग की। बैठक में सभी राजस्व पटवारी उपस्थित थे।

### एक पेड़ मां के नाम किया गया पौधरोपण



**वाड्रफनगर।** शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत औषधीय, फलदार, छायादार एवं पर्यावरणीय महत्व के पौधों का रोपण महाविद्यालय परिसर, अस्पताल परिसर, वृद्धा आश्रम परिसर व सड़क के किनारे किया गया। अभियान के तहत हर्रा, बहेरा, नीम, अर्जुन, आम, जामुन, करंज आदि के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में नपं अध्यक्ष मानसिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र द्विवेदी, प्राचार्य डॉ.सुधीर कुमार सिंह सहित पार्षदों ने पौधारोपण किया। इस दौरान नपं अध्यक्ष ने कहा कि पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। हमें हर अवसर पर पौधरोपण कर उनका संरक्षण करना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण मिल सके। मंडल अध्यक्ष ने पौधों की सुरक्षा के प्रति प्रेरित किया। प्राचार्य ने औषधीय पौधे का महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण के तरीकों को बताया। इस दौरान डॉ.तोयज शुक्ला, रजनीकांत साहू, जगदीश खुसरो, डॉ.बलराम साहू, पंकज कुमार, अशोक एक्का एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### स्वच्छाग्राही समूह कर रहे संचालित

# शौचालय का ऐसा मॉडल जो उपलब्ध करा रहा लोगों को रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्रामीण क्षेत्रों में व एनएच किनारे बने सामुदायिक शौचालयों के रखरखाव और उपयोगिता को लेकर सरगुजा जिले में एक अच्छी पहल की गई है। अब शौचालयों के बाहर एक अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराकर लोगों को समूह की महिलाओं व लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध करा दिए गये है। समूह की महिलाएं व ग्रामीण इन दुकानों का संचालन करने के साथ ही शौचालयों की देख रेख भी कर रहे है। इससे ना सिर्फ सामुदायिक शौचालयों की उपयोगिता बढ़ गई है बल्कि लोगो को रोजगार भी मिल गया है।

**खास बात**

- हो रही 18 से 20 हजार तक की कमाई

बता दें कि शासन द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहरी के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया है। सामुदायिक शौचालय एनएच किनारे, पर्यटन स्थल के साथ ही ऐसे स्थानों पर बनाए गए है जहां लोगों का आवागमन अधिक होता है। इन शौचालयों के निर्माण के बाद सबसे बड़ी समस्या यह थी कि मेंटेनेस के आभाव में ना सिर्फ इनके भवन जर्जर हो जाते थे बल्कि साफ़ सफाई का आभाव भी रहता था। देख रेख के आभाव में शौचालय बंद ही मिलते थे।



सामुदायिक शौचालय।

#### कमा रहे 18 से 20 हजार रुपए तक

सामुदायिक शौचालयों का जिम्मा स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छाग्राही समूहों को दिया गया है। समूह से जुड़ी ग्राम पुटा गांव कि महिला शमिला ने बताया की शौचालय के साथ बनी दुकान का संचालन वे कर रही है इसके साथ ही वे शौचालय का रख रखाव करती है। इस दौरान दुकान के संचालन से वे 15 से 20 हजार रुपए तक कमा रही है। इसी तरह रजपुरी ग्राम में बैगा राम नामक व्यक्ति द्वारा इस सामुदायिक शौचालय के बाहर बने दुकान में लोगों की जरूरत के सामानों की बिक्री के साथ ही सीएससी सेंटर का भी संचालन किया जा रहा है।

#### तीन विभागों से मिली राशि

बताया जा रहा है कि पूर्व में जिन शौचालयों का निर्माण कराया जाता था उनकी अनुमानित लागत 3.5 लाख तक होती थी लेकिन अब जो सर्वसुविधा युक्त दुकानों के साथ शौचालय बनाए जा रहे है इनकी 12 से 16 लाख तक होती है। शौचालय के निर्माण में 3 विभागो का सामूहिक पैसा लगता है। पहली राशि स्वच्छ भारत मिशन से जारी होती है, इसके बाद मनरेगा और फिर ग्राम पंचायत भी इसके निर्माण में पैसा देता है। नए मॉडल शौचालयों में सुविधाओं की बात करें तो इसमें महिला पुरुष के अतिरिक्त दिव्यांग जन के लिए अलग और थर्ड डेंजर के लिए अलग शौचालय बनाए गए हैं। शौचालय परिसर में शिशुवती माताओं द्वारा बच्चों को स्तनपान कराने के लिए बेबी सीटर की भी व्यवस्था की गई और साथ में एक दुकान भी शौचालय में बनाई गई है।

सरगुजा जिले की बात की जाए तो जिले भर में लगभग 450 सामुदायिक शौचालय बनाए गए हैं लेकिन इनमें से 25 शौचालय नए मॉडल के तहत बनाए गए हैं। इन नए मॉडल के 25 सामुदायिक शौचालयों के बाहर अलग से दुकानों का निर्माण कराने के बाद इनका आबंटन स्वछाग्राही समूह को किया गया है। इन शौचालयों के बाहर बनाए गये दुकानों का संचालन स्वच्छाग्राही समूह कर रहे है जिससे उन्हें आर्य अर्जित हो रहा है। इसके साथ ही इन समूहों के जिम्मे ही शौचालयों के रख रखाव व साफ सफाई का जिम्मा है। समूह के लोग यहां नियमित रूप से सफाई कर रहे है जिससे इन शौचालयों की उपयोगिता भी बढ़ गई है। वहीं अब जिला पंचायत स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए सभी सामुदायिक शौचालयों को इसी माडल की तर्ज पर विकसित करने की योजना बना रहा है।

#### किया गया है नवाचार

जिलेभर में सामुदायिक शौचालय बने हुए है। शासन की ओर से नवाचार किया गया है कि हमें इन्हें स्थायित्व की ओर ले जाना है। उपयोगिता नहीं होने के कारण भवन खंडहर हो जाएंगे। इसलिए उसमे दुकानें निकालकर स्वछाग्राही समूहों को दिया गया है जिसमे वो अपनी आजीविका भी चला रहे है। जिले में कुल 25 सामुदायिक शौचालय है जिनमे दुकाने खोली जा चुकी है और उनमे यूजर चार्ज लिया जा रहा है। कई समूह महीने में 18 से 20 हजार रुपए तक कमाई कर रही रहे है।

-स्वेच्छा सिंह, जनपद सीईओ

## तेज रफ्तार पिकअप पलटा अंडों की लूट में जुटे ग्रामीण



**जशपुरनगरः** जिले के बागबहार थाना क्षेत्र अंतर्गत कुकरगांव के पास रविवार सुबह एक अंडा लदी तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अजीबोगरीब नजारा देखने को मिला, जब सैकड़ों ग्रामीण अंडों की लूट में जुट गए। ग्रामीण बर्तन, बाल्टी और टोकरी में अंडे भर-भरकर घर ले जाते नजर आए।

- बर्तन-बाल्टी में भरकर ले गए अंडे, वीडियो हुआ वायरल

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिकअप वाहन खरसिया से कांसाबेल की ओर जा रहा था। कुकरगांव मोड़ पर गति अधिक होने के चलते चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन सड़क किनारे पलट गया। हादसे में वाहन को क्षति तो पहुंची, लेकिन चालक सुरक्षित बच निकला और मौका-ए-वारदात से फरार हो गया। चालक के फरार होते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए



और अंडों से भरी कैरेटें लूटने लगे। किसी ने कैरेट उठाई, तो किसी ने बाल्टी में अंडे भरे। कुछ लोग मोटरसाइकिल में भरकर अंडे ले जाते दिखे। यह पूरा वाकया आसपास मौजूद लोगों ने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। फिलहाल पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था।

## विद्यालयीन स्तरीय प्रोत्साहन कप फुटबॉल को लेकर तैयारी शुरू, 1 अगस्त को होना है उद्घाटन मैच

**बिश्रामपुर।** जिला फुटबॉल संघ सूरजपुर बिश्रामपुर के तत्वावधान में 1 अगस्त से शुरू हो रही विद्यालय स्तरीय भव्य फुटबॉल प्रतियोगिता प्रोत्साहन कप में जिले के नामी 16 विद्यालयों की टीमें एक-दूसरे से मैच खेलेंगी लेंगी।प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह है,वहीं स्कूलों की टीम इस प्रतियोगिता के लिए कैसे महीनों से तैयारियो में लगी है।प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच 1अगस्त से होना है,जिसमें प्रतिदिन दो मुकाबले खेले जाएंगे, 9 अगस्त तक चलने वाले लीग राउंड के बाद क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फिर 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर फाइनल मुकाबला आयोजित किया जाएगा।स्पर्धा में चार पूलों ए, बी, सी व डी में विभाजित कुल 16 स्कूलों की टीम मैदान में प्रतिस्पर्धा को तैयार हैं। जानकारी अनुसार पूल ए में डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर, आदर्श विद्या निकेतन, लक्ष्मीपुर, राजकुमार पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर, पूल बी में कार्मेल कान्वेंट स्कूल बिश्रामपुर, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल लटोरी, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बतरा, गुरुकुल स्कूल शिवनंदनपुर, पूल सी में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में जयनगर, स्वामी आत्मानंद विद्यालय बिश्रामपुर, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कन्दरई एवं पूल डी में ज्ञानसागर मिशन स्कूल लटोरी,स्‌वामी आत्मानंद विद्यालय जयनगर, ओरिएंटल पब्लिक स्कूल अंबिकापुर, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल डुमरिया की टीमें हिस्सा लेंगी। उद्घाटन समारोह 1 अगस्त को दोपहर 1 बजे होगा, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों और समाजसेवियों की उपस्थिति रहेगी।

## करैत सांप की दुर्लभ प्रजाति अहिराज को स्नैक मैन ने रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**बिश्रामपुर।** बारिश के दिनो में साँप सहित जहरीले जीव जंतुओं के दिखाई देने की घटनाएं सामने आ रही है। सर्पदंश से ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर इलाज की व्यवस्था नहीं होने से कई बार पीड़ित की जान भी चली जाती है।

सांप की प्रजातियों को लेकर भी कई बार चर्चा भी होती है बिश्रामपुर में हाल के दिनों में डंडा करैत सांप की दुर्लभ प्रजाति बेंडिट करैत जिसे बोलचाल की भाषा में अहिराज भी बोला जाता है के दिखाई दिए जाने की खबर है। शुक्रवार को उक्त सांप के बिश्रामपुर स्थित साईं मंदिर के पीछे हॉस्पिटल कॉलोनी में दिखाई



देने के बाद कई लोग डर से सहम गए। इसके बाद स्थानीय लोगों ने नगर के स्नैक मैन कन्हैया दुबे को फोन पर सूचना दी तत्पश्चात टीम के सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे कन्हैया दुबे और उनकी टीम के सदस्यों ने अहिराज सांप का रेस्क्यू कर उसे जंगल में छोड़ दिया है।

## सैनिक स्कूल में मना कारगिल विजय दिवस समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भारत-पाकिस्तान के मध्य 1999 में हुए कारगिल युद्ध में भारत को प्राप्त गौरवमयी विजय की स्मृति में सैनिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस श्रद्धा और राष्ट्रभक्ति के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम कैडेट स्पंदन यादव और कैडेट राज पीयूष यादव के भाषण के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने कारगिल युद्ध की पृष्ठभूमि, भारतीय सेना की चुनौतियां और वीर सैनिकों की अमिट गाथाओं को साझा किया। कैडेट अमन शर्मा कविता के माध्यम से बलिदान की भावना को व्यक्त किया। प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती ने शैक्षिक कर्मचारियों एवं कैडेटों की उपस्थिति में कैप्टन विक्रम बत्रा की प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित किया जबकि प्रशासनिक अधिकारी लीडर जेम्स नायर ने कैप्टन मनोज पाण्डेय की प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर सैनिकों को श्रद्धाजंलि दी। इस दौरान कारगिल के अमर शहीदों को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कर्नल रीमा सोबती ने कहा कि कैडेट इन सैनिकों के जीवन से प्रेरणा लें और देश सेवा के लिए सदैव तैयार रहें।

## मां महामाया मंदिर परिसर स्थित 6 बेल पेड़ बने आस्था के केन्द्र

**अम्बिकापुर।** रामानुजगंज के प्रमुख आस्था के केंद्रों में एक मां महामाया मंदिर परिसर में 6 बेल के पेड़ स्थित है जो पूरे सावन भर यहां पहुंचने वाले सैकड़ो लोगों के बेलपत्र की पूर्ति करते हैं। मान्यता है कि बेलपत्र यहां से कितना भी टूटे परंतु कम नहीं होता है पूरे सावन भर यहां बेलपत्र टूटे रहते हैं परंतु भक्तों के लिए यह कम नहीं पड़ता। गौरतलब है कि सावन महीने में शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाने का विशेष महत्व है। सुबह से ही मां महामाया मंदिर परिसर में बेलपत्र तोड़ने वालों की भीड़ देखी जा सकती है। यहां प्रतिदिन बेलपत्र तोड़ने आने वाले नगर के वार्ड क्रमांक 11 निवासी लल्लू गुप्ता बताते हैं कि बचपन से ही यहां बेलपत्र तोड़ने आता हूं। बेलपत्र घर में पूजा के लिए ले ही जाता हूं वही यहां पहुंचने वाले दर्जनों लोगों को बेलपत्र तोड़कर देता हूं परंतु आज तक यहां ऐसी स्थिति नहीं हुई है कि बेलपत्र की कभी कमी हुई हो। मां महामाया मंदिर के पुजारी जितेंद्र पांडे बताते हैं कि कई दशकों से मंदिर परिसर में स्थित बेल के पेड़ पूरे सावन भर बेलपत्र की पूर्ति करते हैं परंतु यहां बेलपत्र की कभी कमी नहीं होती है। श्री पांडे ने सभी से अधिक से अधिक पौध रोपण करने की बात कही खासकर बेल, पीपल, बरगद, नीम जैसे धार्मिक महत्व के पौधे अधिक से अधिक संख्या में होने ही चाहिए।



## सड़क निर्माण के कारण जलमग्न हुए खेत नाली बनाकर की गई पानी निकासी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अम्बिकापुर शहर से लगे नवाबांध में सड़क निर्माण के चलते जलमग्न हुए सौ एकड़ से अधिक खेतो से जल निकासी की व्यवस्था पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव के पहल पर कराई गई।

कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता पूर्व उपमुख्यमंत्री सिंहदेव के मंशानुरूप आज तड़के नवाबन्ध पहुचें। उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर जेसीबी से कच्ची नाली बनाकर खेतो से पानी निकालने की व्यवस्था की। जरूरत के अनुसार ह्यूम पाइप लगाकर आस्थयी रूप से पुलिया के निर्माण कराया गया। पूर्व जिपं उपाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया लोक निर्माण विभाग द्वारा नवा बांध क्षेत्र में सड़क निर्माण कराया गया है। सड़क में प्रावधान के बावजूद नाली का निर्माण नहीं कराया गया जिससे सड़क के दोनों ओर के सैकड़ो एकड़ खेत जलमग्न हो गए थे। तालाब बन चुके खेत में किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे थे। प्रशासनिक तंत्र को इस समस्या से अवगत कराने के बाद भी कोई पहल नही हुई तो किसानों ने पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव से मदद की गुहार लगाई। श्री सिंहदेव की पहल पर निजी संसाधनों से पानी निकालने की व्यवस्था की गई। खेत से पानी निकल जाने के बाद अब कतकालो और नवाबान्ध के किसान धान की फसल ले सकेंगे। इस दौरान पारस राजवाड़े, पवन राजवाड़े, अनिल राजवाड़े, सोहन राजवाड़े, हरिशंकर राजवाड़े, सरपंच नरेश सिंह, मुकुल राजवाड़े, रामचंद्र राजवाड़े, अरुण कुजूर, रामचरित राजवाड़े समेत अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।



#### शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाया कारगिल विजय दिवस

साईं कॉलेज में कारगिल विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ.आरएन शर्मा ने कहा कि युद्ध हथियारों के साथ ही तकनीकी और साहस से लड़ा जाता है। कारगिल युद्ध में हमारे जवानों ने अविस्मरणीय जोश और जज्बे का परिचय दिया था। भारतीय जवान युद्ध के मोर्चे पर हमेशा सफल रहे है। तात्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पाकिस्तान की धमकियों पर सीधा जवाब दिया था, युद्ध पाक ने शुरू किया है और उसे ही अपनी सेना हटाना होगा। पाकिस्तान को आखिरी अंजाम तक सबक सिखायेंगे। डॉ.अजय कुमार तिवारी ने कहा कि पाकिस्तान हमेशा साजिश करता है। कारगिल युद्ध भी उसकी साजिशों का परिणाम है। ठंड के दिनों में दोनों ओर की सेना अपनी चौकियों को खाली कर लौट आती है। उस समय पाकिस्तानी सेना प्रमुख परवेज मुशर्रफ घुसपैठ कर चौकियों पर कब्जा जमा लेते हैं। ठंड खत्म होने के बाद चौकियों पर कब्जे की जानकारी स्थानीय चरवाहे से मिलती है। पाकिस्तान घुसपैठ के इस कारनामें को मुजाहिद्दीनों की हरकत बताता था जबकि नार्दन लाइन इन्फ्रें ट्री युद्ध लड़ रही थी। ऑपरेशन सफेद सागर चलाकर सेना ने अपने शौर्य का परिचय दिया तो आर्मी ने द्रास, बटालिक, तोलोलिंग पर जमीनी कार्रवाई करते हुए सफलता हासिल की। इस लड़ाई में बोफोर्स तोप ने सटीक निशाने पर हमला किया जिससे पाकिस्तान पस्त हो गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी देवेन्द्र दास सोनवानी ने किया। इस दौरान अरविन्द कुमार तिवारी, विवेक कुमार गुप्ता सहित सभी प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## बेलसोता नाला पुल से आवागमन बंद होने के बाद सांसद ने गांव में ही अस्थाई स्कूल संचालन कराने दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम कैलाशपुर व राजापुर के मध्य स्थित बेलसोता नाला पुल के लगातार बारिश की वजह से जर्जर होकर बीच से धंस जाने की स्थिति में प्रशासन द्वारा गत दिनों उक्त मार्ग पर आवागमन बंद करा दिया गया है।मार्ग बंद होने से स्थानीय ग्रामीणों को खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

- सांसद ने वीडियो कॉल से सुनी ग्रामीणों की समस्याएं
- कन्द्रई बासेनपारा वैकल्पिक मार्ग की भी मरम्मत कराने दिया गया है आश्वासन

रविवार को युवा नेता अंकित दुबे की पहल पर सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज से वीडियो काल के माध्यम से संपर्क कर ग्रामीणों द्वारा अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया है।सांसद द्वारा आमजन को हर संभव मदद का भरोसा दिया गया है।गौरतलब है कि ग्राम राजापुर व कैलाशपुर के मध्य स्थित बेलसोता नाला पर पीएमजीएसवाई अंतर्गत सड़क व पुल निर्माण कार्य करीब 22 वर्ष पूर्व कराया गया था,लेकिन लगातार बारिश की वजह से पुल में गहरी दरारें और दो पिल्लर्स में क्रैक के साथ नींव धंसने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। यह पुल राजापुर और आसपास के दर्जनों गांवों को सूरजपुर-अंबिकापुर मार्ग से जोड़ने का महत्वपूर्ण साधन है, लेकिन अब यह जोखिम भरा बन चुका है। पुल जर्जर होकर बीच से कुछ हिस्सा धंस जाने की सूचना पर सुरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंच उक्त पुल के मार्ग पर दोनों ओर से बांस व झाड़ियों से आवागमन बंद करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अब राजापुर गांव से कैलाशपुर हायर सेकेंडरी स्कूल व मिडिल स्कूल में पढ़ने जाने वाले बच्चों की पढ़ाई भी पूरीतरफ प्रभावित हो गई है।मामले में रविवार को युवा नेता अंकित दुबे ने प्रभावित गांव में पहुंचकर जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की, साथ ही आमजन की तत्काल मौके से ही सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज से वीडियो काल करके बात कराया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने सांसद को परेशानियों से अवगत कराया,जिस पर सांसद चिंतामणि महाराज द्वारा जल्द ही आमजन को राहत दिलाए जाने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने का भरोसा दिया है।सांसद ने स्कूली बच्चों की आवागमन में हो रही दिक्कतों के मद्देनजर गांव में ही अस्थाई हायर सेकेंडरी स्कूल शुरू कराने और कंदरई बासेनपारा मार्ग की बदहाल स्थिति सुधारने हेतु फिलहाल डब्ल्यूबीएम तकनीक से मुरुम डलवाने सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया है।बताया गया कि सोमवार 28 जुलाई को शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों की उपस्थिति में राजापुर गांव में ही वैकल्पिक व्यवस्था के तहत हायर सेकेंडरी स्कूल का संचालन शुरू करने की पहल की जाएगी।ग्रामीणों ने सांसद से न केवल तत्कालिक राहत बल्कि पुल के पुनर्निर्माण या मरम्मत के लिए स्थाई समाधान की मांग भी कीहै।



सांसद के साथ वीडियो कॉल में बातचीत के दौरान सरपंच अमर सिंह,उप सरपंच नेतलाल राजवाड़े, रामशरण यादव, संतोष राजवाड़े, दिलेश्वर प्रजापति, मोहरलाल, प्रकाश प्रजापति, पुष्पाल राजवाड़े, डीकेस प्रजापति, महेश राजवाड़े,दुधनाथ राजवाड़े सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## पेड़ कटाई रोकने गए सुरक्षा कर्मी का युवकों ने डंडा मारकर सिर फोड़ा

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा सिविल ऑफिस प्रांगण में अवैध पेड़ कटाई रोकने गए कम्पनी सुरक्षाकर्मी पर प्राणघातक हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है, घायल सुरक्षाकर्मी ने घटना की रिपोर्ट थाना में दर्ज करा दी है। गौरतलब है कि रविवार की सुबह करीब सात बजे प्रार्थी एसईसीएल सुरक्षा कर्मी 46 वर्षीय मुन्ना लाल रोज की तरह कुम्दा सिविल ऑफिस के आसपास पेट्रोलिंग कर रहे थे,तभी उन्होंने नर्सरी क्षेत्र में चार लोगों को पेड़ काटते हुए देखा,उन्होंने तत्काल विरोध कर लोगों को पेड़ काटने से मना किया,इतने में आवेश में आकर करमपुर निवासी पवन उरांव और उसके एक साथी ने सुरक्षा कर्मी के सिर पर डंडे से हमला कर दिया, मामले में दो अन्य आरोपी पहले ही फरार हो गए।हमले में सुरक्षाकर्मी मुन्नालाल का सिर फट गया है और हाथ की कलाई में भी चोट आई है जिनका इलाज केंद्रीय अस्पताल में चल रहा है।घटना के बाद घायल सुरक्षा कर्मी की चीख-पुकार सुनकर वहां मौजूद दो अन्य सहकर्मी जेवियर और शोभित दौड़कर मौके पर पहुंचे, उन्हें नजदीक आता देख हमलावर वहां से भाग निकले। बिश्रामपुर पुलिस ने घायल सुरक्षा कर्मी की रिपोर्ट पर पवन उरांव और उसके साथी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।



- सुरक्षाकर्मी का केंद्रीय अस्पताल में चल रहा इलाज



# किंगडम का ट्रेलर रिलीज पुलिस की वर्दी में दिखे विजय

**मुंबई।** साउथ के अभिनेता विजय देवरकोंडा की फिल्म 'किंगडम' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में विजय एक अंडरकवर जासूस की भूमिका निभा रहे हैं। ट्रेलर में वह अपने भाई के लिए लड़ते हुए नजर आ रहे हैं। इस फिल्म को हिंदी में 'किंगडम' नहीं बल्कि 'साम्राज्य' के नाम से रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर की शुरुआत एक आवाज से होती है। इसमें सुना जा सकता है 'तुझे एक इमरजेंसी ऑपरेशन के लिए अंडरकवर जासूस बनना पड़ेगा।' इसके बाद ट्रेलर में विजय को दिखाया जाता है। फिर आवाज आती है तुझे अपनी मां, काम और घर सब छोड़ना पड़ेगा। इसके बाद विजय पुलिस की वर्दी में नजर आते हैं।

लाइफ Style

# दीपिका

## सिनेमा से इतर काम के लिए मिली तारीफ

बॉलीवुड स्टार दीपिका पादुकोण लगातार कई उपलब्धियों को छू रही हैं। हाल ही में उन्हें 'द शिफ्ट' की सबसे मशहूर 90+ वुमन शेपिंग कल्चर सूची में शामिल किया गया है। इस लिस्ट में सेलेना गोमेज, एंजेलिना जोली और जोया अख्तर जैसी हस्तियों को शामिल किया गया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस सूची में दुनिया भर की वैश्विक प्रभाव वाली महिलाओं को शामिल किया जाता है। इस लिस्ट में शामिल होकर दीपिका पादुकोण काफी खुश हैं। उन्होंने अपनी खुशी का इजहार इंस्टाग्राम पर किया है। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा 'द शिफ्ट हमारे भविष्य को आकार देने वाली 90 आवाजों का सम्मान कर रहा है। इस सम्मान के लिए आभारी हूं।' दीपिका ने अपनी तस्वीर शेयर करते अपनी कामयाबी के बारे में लिखा है। उन्होंने कहा 'मेरे लिए, सफलता केवल पेशेवर उपलब्धियां नहीं हैं। बल्कि, मैं अच्छी रहूं यह भी मेरी कामयाबी है। मेरे लिए मानसिक स्वास्थ्य, खुद की देखभाल, अनुशासन और दृढ़ संकल्प की तरह जरूरी है। मैं उन लोगों को प्रेरित करने की कोशिश करती हूं जो सब्र और प्रामाणिकता को अहमियत देते हैं।' इस लिस्ट में दीपिका का नाम सिनेमा से परे उनके प्रभाव को दर्शाता है। दीपिका 'लिव लव लाफ फाउंडेशन' के जरिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए काम करती हैं। इस पहल के जरिए दीपिका ने देश ही नहीं दुनिया में भी दिमागी सेहत के बारे में बातचीत को सामान्य बनाने में मदद की है। दीपिका अब अपनी अगली बड़ी फिल्म के लिए तैयार हैं। वह वह जल्द ही फिल्म 'एए22xए6' में नजर आने वाली हैं। इसका निर्देशन एटली कर रहे हैं।



हॉलीवुड मसाला



# कोचर वीक 2025 के लिए आईं भारत

**दिल्ली।** ब्राजील की मशहूर सुपरमॉडल एलेसेंड्रा एम्ब्रोसियो को इंडिया में स्पॉट किया गया। हाल ही में दिल्ली एयरपोर्ट पर एलेसेंड्रा अपनी बेटी के साथ नजर आईं। दरअसल, एलेसेंड्रा भारत की सबसे चर्चित फैशन शोज में से एक कोचर वीक 2025 में हिस्सा लेने के लिए आई हैं और इसमें भी वो किसी आम मॉडल की तरह नहीं, बल्कि डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की शो-स्टॉपर बनकर रैंप पर उतरने वाली हैं। एलेसेंड्रा एम्ब्रोसियो को मनीष मल्होत्रा ने अपने खास कलेक्शन को पेश करने के लिए इनवाइट किया है और एलेसेंड्रा न सिर्फ वॉक करने वाली हैं, बल्कि शो की मुख्य आकर्षण यानि शो-स्टॉपर भी होंगी।




# निकोलज ने साउथ इंडिया की डिश का लिया आनंद

**मुंबई।** हॉलीवुड सीरीज 'गेम ऑफ थ्रोंस' के कलाकार निकोलज कोस्टर वाल्डो इन दिनों भारत दौरे पर हैं। हाल ही में उन्हें बेंगलुरू के एक कैफे में देखा गया। यहां उन्होंने साउथ इंडिया की मशहूर डिश का लुत्फ लिया। हॉलीवुड अभिनेता सिंपल ड्रेस जींस और टीशर्ट में नजर आए। निकोलज कोस्टर वाल्डो का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कई लोग उनके आस-पास हैं लेकिन उन्हें कोई नहीं पहचान रहा है। इसके बाद एक फैन ने उनका वीडियो बनाया और उनके साथ सेल्फी ली। हालांकि इस बात की उन्हें जानकारी नहीं हुई। वीडियो में देखा जा सकता है कि निकोलज टेबल पर अपने दोस्तों के साथ बातचीत कर रहे हैं। कैफे में अभिनेता ने इडली, डोसा और वड़ा खाया। ये तीनों साउथ इंडिया की मशहूर डिशेज हैं। एक तस्वीर में अभिनेता ने अपने दोस्तों के साथ रेस्टोरेंट के बाहर कई पोज दिए।



# अनीत वेब सीरीज न्याय में आएंगी नजर

**मुंबई।** अनीत पड्डा इन दिनों छाई हुई हैं। अपनी फिल्म 'सैयारा' के साथ वो 'नेशनल क्रश' बन चुकी हैं। अब उनके अगले प्रोजेक्ट को लेकर जोरशोर से चर्चा हो रही है। वो अब ओटीटी पर नजर आ सकती हैं। उनकी वेब सीरीज का नाम 'न्याय' है, जिसकी शूटिंग वो पिछले साल कर चुकी थीं। मोहित सूरी की हालिया रिलीज 'सैयारा' से अनीत पड्डा रातोंरात फेमस हो चुकी हैं। अब उनके अगले प्रोजेक्ट को लेकर नई खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि वो एक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कोर्टरूम ड्रामा वेब सीरीज में नजर आएंगी, जिसकी शूटिंग वो सैयारा से पहले ही कर चुकी थीं। अनीत पड्डा का यशराज फिल्म्स के साथ तीन फिल्मों को लेकर स्पेशल कॉन्ट्रैक्ट है। इसके बावजूद वो वीआरएफ से अलग एक प्रोजेक्ट न्याय में दिखेंगी।



# थामा में दिखेगी वैंपायर-भेड़िए की टक्कर

**मुंबई।** फिल्म थामा में आयुष्मान खुराना एक वैंपायर के रोल में नजर आएंगे। फिल्म में हीरोइन के रोल में रश्मिका मंदाना हैं। अब वरुण धवन भी इस फिल्म का हिस्सा बन रहे हैं। यह फिल्म मैडॉक प्रोडक्शन की है। इससे पहले वह स्त्री 2 और भेड़िया जैसी हॉरर-कॉमेडी फिल्में बना चुके हैं। स्त्री 2 में भेड़िए के किरदार में वरुण धवन ने कैमियो किया। इसी तरह वह फिल्म थामा में नजर आएंगे। फिल्म थामा में वरुण धवन नजर आएंगे। वह आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की इस फिल्म की शूटिंग लगभग 6 दिन कर चुके हैं। इस फिल्म में वह अपने भेड़िए वाले रोल में नजर आएंगे। जबकि फिल्म थामा में आयुष्मान खुराना वैंपायर के रोल में दिखेंगे। फिल्म थामा में वरुण धवन की एंट्री से दर्शकों को वैंपायर और भेड़िए की टक्कर देखने को मिलेगी।

टीवी मसाला



# इन बच्चों ने सिर्फ डांस नहीं जिंदगी से लड़ना भी सीखा

**मुंबई।** सुपर डांसर 5 एक ऐसा मंच है जहां देश के टैलेंटेड बच्चे अपना हुनर दिखा रहे हैं। इस बार कुछ ऐसे कंटेस्टेंट्स भी इस डांस शो में शामिल हुए हैं जो सोशल मीडिया पर पहले से पॉपुलर हैं। अब वे सुपर डांसर 5 के मंच पर अपना टैलेंट दिखाकर खिताब जीतना चाहते हैं। सिर्फ 13 साल की उम्र में आध्याश्री सोशल मीडिया पर लाखों लोगों की तारीफ हासिल कर चुकी हैं आध्याश्री ने बताया, 'डांस मेरे अंदर अपने आप आ गया था। एक दिन गणपति फेस्टिवल के कॉम्पिटिशन में स्टेज पर चढ़ गई और बिना बताए डांस करना शुरू कर दिया। यहां तक कि मम्मा को भी नहीं पता था।' मुंबई तक का सफर आध्याश्री के लिए आसान नहीं था। वह कहती हैं, 'मम्मी गांव में रहती हैं, शहर की चीजें उन्हें नहीं पता थीं। सब मैंने सिखाया, कहां जाना है? क्या करना है? मम्मी ने मेरे लिए बहुत कुछ किया है, वो मम्मी भी हैं और पापा भी।' सोशल मीडिया पर आध्याश्री की रील्स लाखों बार देखी जाती हैं, इस डांस के पीछे की मेहनत पूरी तरह उनकी है। 10 साल के सोमांश, शांत स्वभाव के लेकिन अंदर से बहुत मजबूत हैं। उनके लिए ये 'सुपर डांसर 5' सिर्फ एक शो नहीं, अपनी मां का सपना पूरा करने का जरिया है। 'जब मैं छोटा था, मम्मी के साथ टीवी पर सुपर डांसर देखा करता था। मम्मी कहती थीं, 'काश मेरा बेटा भी एक दिन ऐसे डांस करे। आज जब मैं इस मंच पर खड़ा हूं, तो लगता है कि उनका सपना पूरा कर रहा हूं।' सोमांश ने बताया कि मम्मी ने उसके लिए सब कुछ झेला, हर मुश्किल खुद पर ली, जिससे बेटे का सपना जिंदा रहे। वह कहते हैं, मैं प्राउड से कह सकता हूं कि मेरी लाइफ में कोई तकलीफ नहीं आई, क्योंकि मम्मी ने सबकुछ पहले ही संभाल लिया था।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' मचाएगा तूफान

**नई दिल्ली।** क्योंकि सास भी कभी बहू 29 जुलाई से शुरू हो रहा है। रात 10.30 बजे इसका पहला एपिसोड आएगा। जहां एक बार फिर दर्शक



अपनी चेहती तुलसी उर्फ स्मृति ईरानी को देख सकेंगे। हाल में ही खबरें आई थीं कि जेनिफर विंगेट का भी कैमियो देखने को मिलेगा। स्मृति ईरानी ने खुद कभी सास भी कभी बहू का प्रोमो शेयर किया हुआ है। जहां वह लाल साड़ी में बिल्कुल पुराने अंदाज में दिख रही हैं। वह घर की बहू के रूप बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं। इस प्रोमो को देखते ही सबसे पहला कमेंट तो एक फैन का यही है कि आ गई तुलसी अनुपमा का पत्ता काटने. एक ने लिखा, एक बार फिर से इसे देखने में मजा आने वाला है। एक यूजर ने लिखा, 'ऐसा लग रहा है कि जैसे 2000 के वक्त में वापस पहुंच गए हैं। हर चीज में एक पुरानी यादों की खुशबू और सुकून भरी फीलिंग है। जैसे बचपन की गलियों में फिर से लौट आए हों।'

# सोशल मीडिया को बनाना होगा जिम्मेदार : वाणी



**मुंबई।** वेब सीरीज मंडला मर्डर्स से वाणी कपूर ओटीटी की दुनिया में कदम रख रही हैं। एक बातचीत में उन्होंने अपने किरदार की गहराइयों, मानसिक चुनौतियों, सोशल मीडिया ट्रोलिंग और उससे उबरने के सफर को साझा किया। साथ ही उन्होंने साइबर ट्रोलिंग के खिलाफ सख्त कानून बनाने की भी खुली अपील की। आजकल सोशल मीडिया हर किसी की जिंदगी का हिस्सा बन गया है। मुझे लगता है कि वहां कुछ नियम होने चाहिए। क्योंकि जो ट्रोलिंग और हेटफुल बातें कही जाती हैं, वो सिर्फ एक्टर्स को नहीं, बल्कि स्कूल-कॉलेज के बच्चों और आम लोगों को भी बहुत परेशान करती हैं। हमें इस बारे में खुलकर बात करनी चाहिए और साथ ही ये भी देखना चाहिए कि कुछ सख्त कानून बनें, ताकि ऐसे लोगों को रोका जा सके जो जानबूझकर दूसरों को दुख पहुंचाते हैं। आगे चलकर हमें सोशल मीडिया को एक जिम्मेदार और सुरक्षित जगह बनाना होगा। हां, कई बार ऐसा होता है। जब आप किसी गहरे रिश्ते में होते हैं, चाहे वो दोस्ती हो या कुछ भी। अगर वो रिश्ता किसी कारणवश टूट जाए, तो सवाल तो मन में उठते हैं। क्या मेरी गलती थी, क्या सामने वाला बदल गया, या हालात ऐसे हो गए थे? हर बार क्लोजर नहीं मिलता। कभी आप वजह जान लेते हैं और कभी बस स्वीकार करना होता है कि अब ये रिश्ता यहीं तक था।

# *सैयारा से पहले इन फिल्मों ने तोड़ दिए थे दिल*

*__मुंबई।__ अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म 'सैयारा' ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी है। इस फिल्म में प्यार, यादगार किरदारों, तड़प और दिल टूटने की कहानी को बखूबी पेश किया गया है जिसने दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ा है। अगर, आपको मोहित सूरी की सैयारा पसंद आई है तो यकीनन ये फिल्में भी पसंद आएंगी।*

*__आशिकी 2:__ आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर स्टारर यह फिल्म एक दुखद प्रेम कहानी है। इसमें राहुल नाम का एक सितारा है जो अपनी चमक खो रहा है। लेकिन वह आरोही नाम की उभरती हुई स्टार को उसके सपनों को पूरा करने में मदद करता है, जबकि खुद अपने अंदर के संघर्षों से जूझ रहा है।*

*__हमारी अधूरी कहानी:__ यह फिल्म एक दुखद प्रेम कहानी है जो वसुंधा के बारे में है, एक महिला जो एक दर्दनाक शादी में फंसी हुई है। वह आरव के साथ सच्चा प्यार पाती है, लेकिन किस्मत और कर्तव्य उन्हें अलग कर देते हैं। इसमें इमरान हाशमी और विद्या बालन मुख्य भूमिकाओं में हैं।*

*__रॉकस्टार:__ रणबीर कपूर और नरगिस फाखरी की मुख्य भूमिकाओं वाली फिल्म 'रॉकस्टार' जनार्दन झाखड़ की कहानी है। जनार्दन एक भोला कॉलेज का लड़का है जो प्यार में पड़ने और अपनी सच्ची समझने वाली हीर को खोने के बाद एक परेशान रॉकस्टार में बदल जाता है।*





*__सनम तेरी कसम:__ यह फिल्म एक शर्मीली और पारंपरिक लड़की सरस्वती और एक गलत समझे गए विद्रोही की दिल तोड़ने वाली प्रेम कहानी को दर्शाती है। उनकी गहरी जुड़ाव बहुत देर से खिलता है, जो एक विनाशकारी त्रासदी में समाप्त होता है।*

*__गजनी:__ आमिर खान की फिल्म एक सफल बिजनेसमैन की कहानी है जो शॉर्ट-टर्म मेमोरी लॉस से पीड़ित है और अपनी प्रिय कल्पना (असिन) की हत्या का बदला लेने के लिए सुरागों को फोटो और टैटू के माध्यम से जोड़ता है। ये लव स्टोरी देख आप अपने आंसुओं को बहने से नहीं रोक पाएंगे.*

*__फना:__ आमिर खान और काजोल की मुख्य भूमिकाओं वाली यह फिल्म एक गहन प्रेम कहानी को दर्शाती है। इसमें जूनी, जो एक दृष्टिहीन टूर गाइड है, और रेहान, जो एक आकर्षक व्यक्ति है लेकिन उसका अतीत छुपा हुआ है, के बीच की प्रेम कहानी को दिखाया गया है। उनकी रोमांस की कहानी तब दुखद मोड़ लेती है जब रहस्य सामने आते हैं।*

*__रांझणा:__ यह फिल्म एक जुनूनी और समर्पित युवा की कहानी बताती है जो जोया से गहरा प्यार करता है। उनकी प्रेम कहानी को किस्मत, राजनीति और दिल टूटने की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।*

*__तेरे नाम:__ सलमान खान और भूमिका चावला अभिनीत, तेरे नाम एक परेशान और जुनूनी युवक की कहानी है जिसकी निरजरा के प्रति गहरी प्रेम भावना दुखद मोड़ लेती है, जिससे दिल टूटने और निराशा का सामना करना पड़ता है।*

## अच्छी अदाकारी करने के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड से भी नवाजा गया

# चश्मे बद्दूर से किया डेब्यू, अधूरी रही रवि के निर्देशक बनने की ख्वाहिश

*नई दिल्ली। अभिनेता रवि बासवानी को फिल्म चश्मे बद्दूर और जाने भी दो यारो में बेहतरीन काम करने के लिए आज भी याद किया जाता है। फिल्म में अच्छी अदाकारी करने के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड से भी नवाजा गया। वह बेहतरीन कॉमेडी के अलावा कैरेक्टर रोल के लिए भी जाने जाते हैं।*



### शुरुआती जीवन और पढ़ाई

रवि बासवानी का जन्म 29 सितंबर 1946 को एक जाट परिवार में हुआ था। उन्होंने अपनी शुरुआती शिक्षा सेंट जॉर्ज कॉलेज मसूरी से पूरी की। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज से स्नातक की उपाधि हासिल की। यहां वह केएमसी नाट्य समाज के सदस्य थे।

### हास्य के अलावा सीरियस रोल भी किए

30 साल के करियर में रवि बासवानी ने लगभग 30 फिल्मों में अभिनय किया। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत साल 1981 में रिलीज हुई फिल्म चश्मे बद्दूर से की। उन्होंने फिल्मों में एक हास्य अभिनेता के अलावा सीरियस रोल भी किए हैं। बासवानी ने बंटी और बबली और प्यार तूने क्या किया जैसी फिल्मों में चरित्र भूमिकाएं कीं।

### इन फिल्मों में निभाया दमदार किरदार

**जाने भी दो यारों** : फिल्म 'जाने भी दो यारों' साल 1983 में रिलीज हुई थी। इसमें उन्होंने सुधीर नाम का किरदार निभाया। यह किरदार एक पत्रकार का था। इस किरदार को निभाने के लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है। फिल्म में उनका यह किरदार इतना अच्छा था कि इसके लिए उन्हें 1984 में सर्वश्रेष्ठ हास्य अभिनेता के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया।

**चश्मे बद्दूर** : साल 1981 में रिलीज हुई फिल्म 'चश्में बद्दूर' में रवि बासवानी ने लखन पाल का किरदार निभाया।



यह किरदार एक छात्र का था। यह उनकी पहली फिल्म थी। इस फिल्म में अभिनय के लिए उनकी काफी तारीफ हुई। इस फिल्म में फारूक शेख और दीप्ति नवल अहम किरदार में थे।

**कभी हां कभी ना** : साल 1994 में उनकी फिल्म 'कभी हां कभी ना' रिलीज हुई। इसमें उन्होंने अल्बर्ट गोंजास्विस का किरदार निभाया। इसके लिए भी उनकी काफी तारीफ हुई। इस फिल्म में शाहरुख खान और सुचित्रा कृष्णमूर्ति अहम किरदार में थे।

*__छोटा चेतन__ : इसके बाद साल 1998 में फिल्म 'छोटा चेतन' रिलीज हुई। इसमें उन्होंने राजा का किरदार निभाया। यह मलयालम भाषा की फिल्म थी। इसमें उनके किरदार को पसंद किया गया।*

*__चल मेरे भाई__ : साल 2000 में आई फिल्म 'चल मेरे भाई' में रवि बासवानी ने एक वेटर का किरदार निभाया। उनके इस रोल की भी काफी सराहना हुई।*

*__टीवी में भी किया काम__ : एक टेलीविजन अभिनेता के रूप में, रवि बासवानी ने कई टीवी धारावाहिकों में अभिनय किया। उन्होंने 1980 के दशक में दूरदर्शन पर लोकप्रिय कॉमेडी धारावाहिक इधर उधर में काम किया। इस धारावाहिक में उन्होंने पाठक बहनों, सुप्रिया पाठक और रत्ना पाठक के साथ अभिनय किया था। इसके बाद वह एक से बढ़कर एक और जस्ट मोहब्बत (1997)'में नजर आए।*

### नसीरुद्दीन शाह के साथ संभाला पद

साल 2004 में जब भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे ने 26 वर्षों के बाद अपने अभिनय पाठ्यक्रम में कुछ बदलाव किए तो रवि बासवानी नसीरुद्दीन शाह के साथ इसके समन्वयक और शिक्षक बने। संस्थान के पाठ्यक्रम को नया रूप देने में इन्होंने भी अहम रोल निभाया। हालांकि, बसवानी ने अगले वर्ष संस्थान से इस्तीफा दे दिया।

### पहली फिल्म का निर्देशन से पहले निधन

रवि बासवानी ने कभी शादी नहीं की। वह जिंदगी भर अकेले ही रहे। 27 जुलाई 2010 को नैनीताल में दिल का दौरा पड़ने से बासवानी का निधन हो गया। वह अपनी पहली फिल्म निर्देशित करना चाहते थे। इसके लिए फिल्म की लोकेशन ढूंढ रहे थे। ऐसे में नैनीताल से दिल्ली जाते समय हल्द्वानी में उनका निधन हो गया। यह काफी दुखद रहा कि वह अपनी फिल्म का निर्देशन करने से पहले ही इस दुनिया को अलविदा कह गए।

## खबर संक्षेप



### इस्लामिक नॉलेज प्रतियोगिता संपन्न

**रायगढ़।** ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन,रायगढ़ के तत्वावधान में रविवार को सिरते हसनैन इस्लामिक नॉलेज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। मधुबन पारा स्थित मस्जिद गरीब नवाज में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता दो वर्गों जूनियर एवं सीनियर में आयोजित की गई थी, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर हज यात्रा से लौटे हाजियों का भी विशेष रूप से सम्मान किया गया। सम्मानित हाजियों में हाजी मोहम्मद अमजद वली साहब, हाजी शेख मोहम्मद मेराज साहब, हज्जन निगार नाज़, हज्जन कनीज़ फातिमा, हज्जन रुखसाना बेगम एवं हज्जन सादिका खातून शामिल रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत हाफिज व कारी अताउननबी साबरी साहब की तिलावत, कुरआन से हुई। इस ज्ञान प्रतियोगिता का मूल उद्देश्य आधुनिक शिक्षा के साथ.साथ बच्चों को इस्लामिक ज्ञान से भी जोड़े रखना और दीन की समझ को समाज में प्रबल बनाना था। ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष वसीम खान ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में धार्मिक चेतना जागृत करने के साथ ही सामाजिक एकता को भी बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है। इस आयोजन में शहर के कई गणमान्य एवं समाजसेवी उपस्थित थे, जिनमें हाजी शेख कलीमुल्लाह वारसी, हाजी गुलाम रसूल खान, हाजी शेख मुबाशिर हुसैन, अब्दुल कलाम साहब, मोहम्मद अरशद वारसी, हाजी मोहम्मद इलियास किरोड़ीमल, हाजी मोहम्मद सलीम खान, प्रमुख रहे।

### सुरक्षाकर्मी चयन के लिए निजी कंपनी का शिविर

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य सहित अन्य राज्य और जिलों में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के इच्छुक महिला और पुरुष बेरोजगारों को सुरक्षाकर्मी का रोजगार देने के लिए निजी सुरक्षा कंपनी एसआईएस लिमिटेड क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र जशपुर द्वारा जिले में शिविर का निशुल्क आयोजन किया जाएगा। इसमें शामिल होने के लिए आवेदकों से राशि नहीं ली जाएगी। चयनित होने पर उनको कंपनी प्रतिमाह 10 से 20 हजार का वेतन सहित कुछ सुविधा उपलब्ध कराएगी। सारंगढ़ ब्लॉक में जनपद पंचायत कार्यालय सारंगढ़ में 28 जुलाई, ग्राम पंचायत छिंद में 30 जुलाई, सालर में 4 अगस्त, गोडम में 5 अगस्तए कोसीर में 6 अगस्त को शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार बिलाईगढ़ जनपद पंचायत भवन में 8 अगस्तए ग्राम पंचायत भवन बांसउरकुली में 11 अगस्त और पीपरभवना में 12 अगस्त को शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### कृषक रत्न पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2025 के डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार हेतु योग्य कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पुरस्कार हेतु इच्छुक कृषक आवेदन पत्र उप संचालक कृषि जिला सारंगढ़.बिलाईगढ़ के कार्यालय रानीसागर सारंगढ़ से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरकर संबंधित विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के माध्यम से जमा कराना होगा। पुरस्कार से संबंधित विस्तृत जानकारी कृषि विभाग की वेबसाइट एग्रीपोर्टल डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर उपलब्ध है। चयन प्रक्रिया के लिए आवेदन उप संचालक कृषि कार्यालय में अंतिम तिथि के पूर्व जमा किया जाना है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में संचालनालय कृषि, छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा जानकारी दी गई है कि पुरस्कार चयन प्रक्रिया निर्धारित नियमों व अधिसूचनाओं के तहत की जाएगी।

## सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन एवं माण देशी फाउंडेशन की 5 दिवसीय खेल प्रशिक्षण का शुभारंभ

# खिलाड़ियों को तराशने प्रशिक्षकों की भूमिका अहमः कलेक्टर

**कलेक्टर ने कहा प्रशिक्षक पूरे समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ बच्चों को प्रशिक्षित करें**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्टोरेट स्थित मंत्रणा कक्ष में सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन, माण देशी फाउंडेशन म्हसवड एवं जिला परियोजना कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय खेल प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रथम चरण का शुभारंभ किया। यह कार्यशाला जिले के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के 100 खेल प्रशिक्षकों एवं शिक्षकों के लिए आयोजित की गई है, जो 01 अगस्त तक चलेगी।

कार्यशाला में एथलेटिक्स, खो-खो और कबड्डी जैसे लोकप्रिय खेलों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को खेल की तकनीकी बारीकियों, शारीरिक फिटनेस, संतुलित पोषण, स्पोर्ट्स साइकोलॉजी, जीतने की मानसिकता, आवश्यक आराम और नींद जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर श्री व्यास ने प्रशिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कोच एक शिल्पकार की तरह होता है, जो प्रतिभाओं को तराशकर उन्हें उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में गढ़ता है। जैसे एक मूर्तिकार साधारण मिट्टी को सुंदर और उपयोगी मूर्ति का रूप देता है, ठीक वैसे ही कोच बच्चों के भविष्य को आकार देता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षक पूरे समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ बच्चों को प्रशिक्षित करें, जिससे खेलों में उनकी भागीदारी और प्रदर्शन बेहतर हो सके। श्री व्यास ने कहा कि जशपुर जिले में खेलों की अपार संभावनाएं हैं, और यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले एवं राज्य का नाम रौशन कर रहे हैं। कलेक्टर ने जशपुर के युवा धावक अनिमेष कुजूर का उल्लेख करते हुए बताया कि उन्होंने इंटरनेशनल स्प्रिंट मीट में 100 मीटर की दौड़ में केवल 10.18 सेकंड में पूरी कर देश का सबसे तेज धावक बनने का गौरव प्राप्त किया है। इचकेला की छात्राओं ने क्रिकेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी एक पहचान बनाई है। श्री व्यास ने कहा कि जिले के खिलाड़ी हॉकी, एथलेटिक्स, फुटबॉल और तीरंदाजी जैसे खेलों में भी लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें जशपुर को खेल के क्षेत्र में देश के अग्रणी जिलों में शामिल करना है। इसके लिए शासन के तरफ से काफी प्रयास भी किए जा रहे हैं। जिले में खेलों के विकास के लिए खेल अधोसंरचना निर्माण के तहत पंडरापाठ में 20 करोड़ से अधिक की लागत से आर्चरी आकादमी, वूमेन क्रिकेट अकादमी, फुटबाल स्टेडियम का निर्माण, कुनकुरी में स्पोर्टस कॉम्पलेक्स आदि का निर्माण प्रस्तावित है। माण देशी फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री प्रभात सिन्हा ने बताया की फाउंडेशन का प्रमुख उद्देश्य उभरते हुए खिलाड़ियों को ओलंपिक के लिए तैयार करना है। इसके लिए आधुनिक खेल ग्राउंड, बेहतर ट्रेनिंग, बेहतर कोचिंग स्टॉफ सहित सभी जरूरी सुविधाएं खिलाड़ियों को उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया की जिले में सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन, माण देशी फाउंडेशन की तरफ से जिले में 20 खेल ग्राउंड को तैयार किया जाएगा। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री समीर बड़ा एवं विश्वास राव मस्के, प्रमुख कोच श्री प्रवीण, कबड्डी कोच हनुमंत घोड़पड़े, ग्राउंड डिजाइनर दिव्या सिन्हा, एथेलेटिक्स कोच श्रीराम, खेल प्रशिक्षक श्री प्रदीप चौरसिया सहित फाउंडेशन के कोच, अन्य सहयोगी और खेल प्रशिक्षक, शिक्षकगण मौजूद थे।



कार्यशाला में उपस्थित प्रशिक्षक।



### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

जिला कार्यालय में सोमवार को कलेक्टर रोहित व्यास के द्वारा कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जनदर्शन कार्यक्रम में उन्होंने आम नागरिकों को सुनकर उनसे जुड़ी समस्याओं को जाना एवं प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदनों को समयबद्ध तरीके से निराकृत करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में लगभग 46 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें राजस्व संबंधी मामले, जाति प्रमाणपत्र निर्माण, आय प्रमाण पत्र निर्माण, भूमि विवाद, राशनकार्ड निर्माण, सीमांकन सहित विभिन्न समस्याओं से संबंधित मामले एवं विभिन्न विषयों से संबंधित मांगें शामिल थीं। इसमें मुख्यतः पीएम जनमन योजनांन्तर्गत आये हितग्राहियों को पीएम जनमन आवास, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र आदि से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।



## राशन कार्डधारी हितग्राहियों को समय पर चावल वितरण करने के निर्देश

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सोमवार को खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, कृषि, नागरिक आपूर्ति विभाग, विपणन विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की।

कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी और फूड इंस्पेक्टर को हितग्राहियों को हर माह समय पर राशन वितरण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने स्कूल, छात्रावास, आश्रम आंगनबाड़ी केंद्रों में भी समय पर राशन भंडारण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने खाद्य निरीक्षकों द्वारा चावल, मध्यान भोजन, पूरक पोषण आहार चावल की भी जानकारी ली। और सभी उचित मूल्य दुकानों में समय से पहले राशन भंडारण करने के निर्देश दिए हैं। सहकारिता विभाग से बहुउद्देशीय सहकारी समितियों के पंजीयन की जानकारी और सभी पात्र समितियों का पंजीयन करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सोसायटी से बचें हुए धान का उठाव करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कोनपारा, कोतबा, दुलदुला, सहित अन्य खरीदी केंद्र जहां से ज्यादा शिकायत आती है वहां खाद्य अधिकारी, सहकारिता अधिकारी, विपणन अधिकारी और नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारी को भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। सत्यापन के दौरान धान का उठाव, समिति में कितना धान बचा है स्टाक पंजी का भी अवलोकन करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं इस बार गिरदावरी का कार्य गंभीरता से करना है। किसानों के खेतों में जाकर सही सही गिरदावरी दर्ज करना है धान खरीदी करते समय सभी सोसायटी में निगरानी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने पाए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री विश्वास राव मस्के खाद्य विभाग सहकारिता, विपणन, नागरिक आपूर्ति विभाग एपेक्स बैंक और सभी फूड इंस्पेक्टर उपस्थित थे।

■ केन्द्रों का भौतिक सत्यापन करेंगे

## महाविद्यालय को अन्यंत्र स्थापित किए जाने से नाराज लोगों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**कोतबा।** नगर के मंगल भवन में दो वर्षों से संचालित महाविद्यालय को अन्यंत्र स्थापित करने की सूचना से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित नगरवासियों ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए इसका पुरजोर विरोध किया. साथ ही बागबहार तहसीलदार को लिखित ज्ञापन सौंपकर यथावत रखने की मांग की मांग की है।

नगर पंचायत के अध्यक्ष हितेंद्र पैंकरा, पार्षद आकाश अग्रवाल,सुमित शर्मा, सुनील तिर्की, पूर्व जनपद अध्यक्ष सुकृत सिंह, जनपद सदस्य मुरली यादव, पियर साय सहित अन्य लोग शामिल थे। नगर के कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र पैंकरा पार्षद सुमित शर्मा के मुताबिक कांग्रेस शासनकाल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोषणा बाद कोतबा में उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र का स्थापना की गई थी। घोषणा के तत्काल बाद कोतबा स्थित मंगलभवन में पिछले दो वर्षों से यह महाविद्यालय संचालित हो रहा है। सौंपे गए ज्ञापन में आपत्ति करते हुये नगर अध्यक्ष ने उल्लेख किया है कि महाविद्यालय निर्माण के लिए कोतबा से लगे ग्राम पंचायत फरसाटोली सरपंच द्वारा भूमि आबंटन किए जाने प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने उक्त महाविद्यालय और जगह चयन की प्रक्रिया पुरी होने के बावजूद अन्यंत्र ले जाने से नगरवासी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा आपत्ति जताई जाती है।। वर्तमान में तीसरा वर्ष भी प्रारंभ हो चुका है। पार्षद सुमित शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र को ग्राम पंचायत फरसाटोली से स्थान परिवर्तित कर ग्राम पंचायत जामझोर ले जाने की कार्यवाही से इस क्षेत्र की जनता उपेक्षा का शिकार होंगे। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कोतबा को यथावथ कोतबा निकाय क्षेत्र में ही संचालित किया जाए एवं कोतबा से लगे ग्राम पंचायत फारसाटोली क्षेत्रांतर्गत चिन्हांकित शासकीय भूमि आबंटन करने में प्रशासन सहयोग करें, ताकि जल्द जल्द से उक्त निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा सकेगा।



### 15 अगस्त तक मछली पकड़ने पर पाबंदी

**सारंगढ़।** वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें सरंक्षण देने और बारिश में आम जन के द्वारा मछली पकड़ने कार्य में रोकथाम हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदी मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3 उपधारा.2 दो के तहत 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु क्लोज सीजन के रूप में घोषित किया है। जिले के मछली पालन विभाग के प्रभारी अधिकारी एन पी ओगरे ने आम जनता को जानकारी दी है कि छत्तीसगढ प्रदेश के सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी नालों से नही हैए के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर को छोड़कर सभी प्रकार के जल संसाधन के जलाशयए नदी आदि में 15 अगस्त 2025 तक मत्स्याखेट कार्य पूर्णतः निषिद्ध रहेगा।

## कांग्रेस मंडल की पहली बैठक में दी गई 10 डिसमिल जमीन, प्रदेश अध्यक्ष ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कांग्रेस संगठन की मजबूती को लेकर सारंगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत छिंद मंडल की पहली बैठक ग्राम चंदई में आयोजित की गई, जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश प्रतिनिधि गोल्डी नायक और ब्लॉक अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू मौजूद रहे। इस बैठक में मंडल कमेटी गठन की प्रक्रिया पारदर्शी रूप से संपन्न हुई।

विशेष बात यह रही कि ग्राम चंदई के सरपंच प्रतिनिधि और वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश खूंटे ने अपने जन्मदिन के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय के निर्माण हेतु 10 डिसमिल निजी जमीन दान में दी। इस योगदान की जानकारी मिलते ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने फोन पर रमेश खूंटे से बात कर उन्हें धन्यवाद दिया और इस योगदान की सराहना की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ताराचंद देवांगन, सूरज तिवारी, संजय दुबे, विनोद भारद्वाज, राकेश पटेल, मितेंद्र यादव, और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी सभा को संबोधित किया। बैठक में यह भी घोषणा हुई कि विनोद भारद्वाज और राकेश पटेल द्वारा कार्यालय भवन में 1-1 कमरा निर्माण कराया जाएगा। ब्लॉक प्रभारी गोल्डी नायक ने इसे सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला कांग्रेस के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि यह योगदान आने वाले समय में संगठन की ताकत बनेगा।



## जिला जनसंपर्क कार्यालय के राजकुमार हुए पदोन्नत

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन के जनसंपर्क विभाग द्वारा विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा पर जिला जनसंपर्क कार्यालय के राजकुमार पैंकरा को भृत्य के पद से पदोन्नत करते हुए सहायक ग्रेड-03 के पद पर कार्यालय जिला जनसंपर्क सरगुजा में पदस्थ किया गया है। पदोन्नति कर्मचारी राजकुमार को जिला जनसंपर्क कार्यालय के सहायक संचालक श्रीमती नूतन सिदार एवं कार्यालय के कर्मचारियों ने अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर प्रगति की कामना की है। इसके साथ ही विगत दिवस 25 जुलाई को नवीन पदस्थापना कार्यालय हेतु भारमुक्त करते राजकुमार को गुलदस्ता एवं सम्मान स्वरूप उपहार भेटकर विदाई दी गई।



**पदोन्नति पर सहायक संचालक कर्मचारियों ने दी विदाई**

## पारंपरिक अंदाज में लोकगीत और नृत्य के साथ मनाया गया सावन उत्सव

**रायगढ़।** सावन की हरियाली, गीतों की मिठास और सखियों की खिलखिलाहट से सजी एक अनोखी शाम का गवाह बना शहर का गैलेक्सी मॉल, जहाँ 25 जुलाई को दिव्य शक्ति संस्था द्वारा आयोजित दिव्य रंगीलो सावन उत्सव में महिलाओं ने पारंपरिक अंदाज में सावन का स्वागत किया। संस्था प्रमुख कविता बेरीवाल के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सांस्कृतिक, पारंपरिक और आत्मीयता से भरपूर रहा।

भारतीय परिधान में सजी सखियों ने जैसे ही सजाए गए झूले पर बैठकर सावन के मधुर गीतों पर झूमना शुरू किया, माहौल में पारंपरिक मिठास घुल गई। हर ओर हरियाली और उमंग की झलक दिखाई दी। झूले के साथ महिलाओं ने लोकनृत्य की सुंदर प्रस्तुतियाँ दींए जिससे दर्शक भी मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम में स्वर लहरियों का भी खास संगम रहा। रश्मि अग्रवाल, पारुल गुप्ता, संगीता अग्रवाल और स्मिता सिंगल ने सावन और लोक गीतों से कार्यक्रम को जीवंत कर दिया। गीतों के साथ साथ महिलाओं की झूमती तालियाँ और नृत्य की थिरकन से मंच सरस बना रहा। गैलेक्सी मॉल का परिसर झूले, फूलों और पारंपरिक साज सज्जा से संवर कर उत्सव को और भी यादगार बना दिया।



### सावन क्वीन बनीं संगीता अग्रवाल

कार्यक्रम का खास आकर्षण रही सावन क्वीन प्रतियोगिताए जिसमें महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया। निर्णायकों द्वारा चयन के बाद संगीता अग्रवाल ;फ्रेंड्स कॉलोनीद्ध को सावन क्वीन घोषित किया गया। रश्मि अग्रवाल और तन्नू टूटेजा को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

### नवसंकल्प शिक्षण संस्थानः प्रवेश परीक्षा 30 को

**जशपुरनगर।** नवसंकल्प शिक्षण संस्थान में नए पीएससी, व्यापम एवं एसएससी जीडी बैच के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 30 जुलाई 2025 को किया जाएगा। नवसंकल्प संस्थान द्वारा नए बैच में छात्र-छात्राओ को पीएससी, व्यापम एवं एसएससी जीडी की तैयारी करायी जाएगी। इनमें जिला के निवासी 50 छात्रों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण हॉस्टल सुविधा एवं भोजन सहित प्रदान किया जाएगा। 50 छात्रों में 25 छात्र 25 छात्राओं होगें। अन्य छात्रों को डे स्कॉलर के रूप में प्रवेश दिया जाएगा। छात्रों के प्रवेश हेतु जिले के स्थानीय युवाओं से ऑनलाइन आवेदन पत्र मंगाए जाते हैं, ऑनलाइन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 29 जुलाई शाम 4 बजे तक निर्धारित की गई है। जो छात्र अभी तक फॉर्म नहीं भर पाएं हैं वो इसका लाभ ले सकते हैं। चयन के लिए एंट्रेंस एग्जाम का आयोजन 30 जुलाई को होगा। एसएससी जीडी बैच की परीक्षा प्रातः 10 बजे से 10.45 तक आयोजित होगी और पीएससी व्यापम के लिए परीक्षा दोपहर 2 बजे से 2.45 तक आयोजित होगी। परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जायेगी, परीक्षा देने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य होगा। रजिस्ट्रेशन के लिए सम्बंधित नंबर 7000896571 पर अपना नाम व्हाट्सअप कर सकते हैं।




## पृष्ठ 1 का शेष

### सावन के तीसरे सोमवार...

और पूजा-अर्चना की गई। मंदिर परिसर में विशेष सजावट की गई थी ।

श्रद्धालुओं के लिए इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन- कांवड़ यात्रा के फलेश्वरमहादेवमंदिर में जलाभिषेक के बाद समापन हुआ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि,एवं समाजसेवी भी शामिल हुए।

### आइए जानते हैं ...

एक ही पोजिशन में घंटों स्थिर रहने की अद्भुत क्षमता होती है। इसका जहर मनुष्य के किडनी और लीवर को नुकसान पहुंचाता है, जिससे उसकी मृत्यु हो जाती है। इसी तरह छत्तीसगढ़ में बेहद अल्प संख्या में पाया जाने वाला विषविहीन सांप कापर हेड ट्रिकेंट भी जशपुर में पाया जाता है। यह सांप नाग की तरह फन निकालता है, जिससे इसके बेहद जहरीला होने का भ्रम होता है। लेकिन, वास्तव में यह सांप विषविहीन होता है। जिले में पाए जाने वाली सांपों की प्रजातियों की खोज शिक्षक कैसर हुसैन और उनकी संस्था ग्रीन नेचर वेलफेयर सोसायटी से जुड़े उनके साथियों ने की है। उनकी इस संस्था से 15 सदस्य जुड़े हुए हैं। इनमें से 10 सदस्य, सांप रेस्क्यू अभियान से जुड़े हुए हैं। फाइलों में कैद हो गई पयर्टन स्थल के रूप में स्नैक पार्कबनाने की योजना- जशपुर (नागलोक) को पर्यटन का रूप देने के लिए सरकारी योजनाएं तो कई बनी लेकिन सालों से ये प्रस्ताव सरकारी फाइलों में ही कैद हो कर रह गई है। वर्ष 2013-14 में जिला प्रशासन ने स्नेक पार्क का प्रस्ताव तैयार किया गया। योजना थी कि जिले में पाए जाने वाली प्रजातियों को यहां संरक्षित किया जाए, लेकिन सेंट्रल जू अथॉरिटी से इसकी अनुमति न मिलने से यह पूरी योजना अधर में लटक गई। इसे संशोधित करते हुए 2017 और 19 में प्रशासन ने स्नेक विनम कलेक्शन सेंटर बनाने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा लेकिन यह प्रस्ताव भी अब तक सेंट्रल जू अथॉरिटी की स्वीकृति की बाट जोह रहा है। सर्पदंश को लेकर चलाया जा रहा जागरूकता अभियान- एसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि, जिले में साल 2023 में सर्पदंश से 36 और इस साल अब तक 14 मौतें हो चुकी हैं। जिले में कामन करैत प्रजाति की सांप की बहुलता है। ये सांप रात के समय चूहें और दीमक खाने के लिए बिल से बाहर निकलते हैं और घरों में घुस जाते हैं। इस दौरान जमीन में सो रहे लोग, आसानी से सर्पदंश का शिकार हो जाते हैं। एसपी सिंह ने बताया कि, पुलिस प्रशासन, वन विभाग और जिला प्रशासन के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को जमीन में सोने और सर्पदंश का शिकार होने पर जड़ी-बूटी और झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़कर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### सोसायटी में सप्ताह ...

है कभी सर्वर नही चल रहा कभी फिंगर नही हो रहा कभी परमिट जारी नही हो रहा कह कर किसानों को रोजाना बैरंग लौटाया जा रहा है। मानसून का सीजन प्रारंभ होते ही किसान खरीफ फसल की खेती में जुट गए हैं। किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रहा जिससे वे असमंजस और परेशानी में हैं। किसानों के लिए समय पर खाद न मिलने से कृषि संकट उत्पन्न हो रहा है। जिससे किसानों को खेती में नुकसान होने की संभावना बनी हुई है। खेती-किसानी के समय में कोतबा क्षेत्र के अधिकांश गाँवो के किसानों को समय में यूरिया और डीएपी खाद नहीं मिलने से किसान चिंतित हैं। खरीफ सीजन देखते हुए किसानों के समय पर खाद-बीज की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए सोसायटी में भंडारण तो कराया गया है, लेकिन खाद लेने के लिए किसानों को पहले इपोस मशीन से फिंगर करा कर परमिट जारी करवाना होता है। बताया जा रहा है कि बीते हप्ते भर से इपोस मशीन ही नही थी। अभी नई मशीन प्रशासन ने उपलब्ध करा दी तो सोमवार को सर्वर ही नहीं चल पा रहा है। किन्ही का फिंगर नहीं हो रहा है तो किन्ही किसानों का परमिट जारी नही हो पा रहा है। खाद के लिए किसानों को समितियों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। खाद के लिए किसानों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। उन्हें बगैर यूरिया डीएपी खाद के खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। सोमवार सुबह सोसायटी में खड़े किसान जयनारायण सिंह,दुलेश्वरी पैकरा,भोजराज सिदार,सीताराम पटेल सहित अन्य उपस्थित किसानों ने बताया कि वे काम काज छोड़ कर महीने भर से आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कोतबा सोसायटी के कार्यालय का चक्कर लगा रहे है। सोमवार सुबह वे 9 बजे से पहुंचे हुए थे। कार्यालय में कोई कर्मचारी मौजूद नही था 12 बजे कर्मचारियों का आना हुआ। कार्यालय खोलने के बाद फार्म भरवाएं गए और इपोस मशीन में फिंगर नही हो रहा है। सर्वर डाउन है। परमिट नही कट पा रहा है।बोल कर हमें आज भी खाद नही दिया गया। यहाँ कभी मशीन नही है कभी सर्वर नही चल रहा कभी फिंगर नही हो रहा कभी परमिट जारी नही हो रहा कह कर उन्हें खाद नही दिया जा रहा है। किसानों को रोजाना बैरंग लौटाया जा रहा है।

